>

Title: Need to construct a Foot-Over-Bridge between Jamaluddin Chak village and Khagaul Naubatpur on Danapur main railway line in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : दानापुर (पटना) मेन लाइन पर जमालुद्दीन चक गांव और लाइन के दूसरी तरफ खगौल-नौबतपुर मेन रोड से आने-जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। मोहल्ले की आबादी करीब 25-30 हजार की है। वहां छः लाइन है और लाइनों के बीच में एक हजारों वर्ष पुरानी मजार है। जहां लोग दर्शन करने के लिए लाइन लगाए रहते है। साल में एक बार उर्स का मेला भी लगता है। वर्षों से गांव वाले लाइन् पार करने के लिए एक पूल की मांग करते आ रहे है। हमेशा लाइन पार करते समय दुर्घटना होती रहती हे और कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि मजार के पास खगौल-नौबतपुर मेन रोड और जमालुद्दीन चह गांव को जोड़ने के लिए वहां मेन रेलवे लाइन के ऊपर एक फुअ ब्रिज के निर्माण की अविलम्ब अनुमति प्रदान करें। इसमें कई अन्य गांवां जैसे गुड़गावा, मोहम्मदपुर, बाबूचक आदि के लोगों को सुविधा मिलेगी।